संख्या-407/2025/74के-2/22-3-2025-17(113)/2025

प्रेषक,

सूर्य प्रकाश मिश्र,
उप सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3 लखनऊः दिनांक 12 अगस्त, 2025

विषयः- जिला कारागार, संतकबीरनगर में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी असगर उर्फ राजू उर्फ राहुल पुत्र अली उर्फ सन्नों, निवासी जनपद-गोरखपुर की फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने कार्यालय के पत्र संख्या-705/प्रोवेशन-3-फार्म-ए/(एम-31.12.2024) दिनांक-07.01.2025 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार जिला कारागार, संतकबीरनगर में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी असगर उर्फ राजू उर्फ राहुल पुत्र अली उर्फ सन्नों, ग्राम-अधियारी बाग दक्षिणी, थाना-तिवारीपुर, जनपद-गोरखपुर का निवासी है। बंदी द्वारा दिनांक 24.07.2008 को मधुसूदन गुप्ता व उनकी तीन लड़कियों बिन्दु, बबली एवं छोटी एवं मोनी तथा किरायेदार की लड़की डग्गो के ऊपर तेजाब फेंक दिया जिसमें बिन्दु, बबली एवं छोटी की मृत्यु हो गई। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-14/2009 के अन्तर्गत भा0द0वि0 की धारा-326, 307, 452, 302, 506 में मा० न्यायालय, अपर सत्र न्यायाधीश, कक्ष संख्या-01, गोरखपुर के आदेश दिनांक 21.06.2012 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया। दिनांक-25-08-2023 तक बन्दी की आयु 38 वर्ष है। जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, गोरखपुर द्वारा शासनादेश संख्या 1658/22-02-2004-25(94)/97, दिनांक 06.09.2004 के प्रस्तर 9-(2) के प्राविधान के अनुरूप 05 बिन्दुओं (जो लक्ष्मण नास्कर बनाम यूनियन ऑफ इंडिया, 2000 क्रि0एल0जे0 1471 में मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्देशित किया गया) पर परीक्षण कर आख्या प्रेषित की गई है। उक्त आख्या में बन्दी द्वारा एक गंभीर अपराध कारित किये जाने, भविष्य में अपराध करने की पूर्ण सम्भावना होने, पुनः अपराध किये जाने से इन्कार नहीं किये जाने, बन्दी के परिवार की सामाजिक/आर्थिक दशा समयपूर्व रिहाई हेतु उपयुक्त नहीं होने के दृष्टिगत बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

प्रोबेशन बोर्ड द्वारा सिद्धदोष बंदी असगर उर्फ राजू उर्फ राहुल पुत्र अली उर्फ सन्नों की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई पर विचार-विमर्श किया गया। प्रकरण में बन्दी द्वारा परिवारिक रंजिश के कारण दिनांक 24.07.2008 को मधुसूदन गुप्ता व उनकी तीन लडकियों बिन्दु, बबली एवं छोटी एवं मोनी तथा एक किरायेदार की लड़की डग्गो के ऊपर तेजाब फेंक दिया जिसमें बिन्दु, बबली एवं छोटी की मृत्यु हो जाने का जघन्य अपराध कारित किया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा स्थानीय स्तर पर वर्तमान परिस्थितियों का सम्यक परीक्षण कर माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किया गया है। प्रकरण से

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

सम्बंधित ऐसा कोई तथ्य परिलक्षित नही है, जिसके आधार पर जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा जिला मजिस्ट्रेट की आख्या/संस्तुति के प्रतिकूल अवधारणा बनाई जा सके। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी असगर उर्फ राजू उर्फ राहुल पुत्र अली उर्फ सन्नों को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

3- अतः उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि केन्द्रीय कारागार, आगरा में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी असगर उर्फ राजू उर्फ राहुल (बन्दी संख्या-40/2023) पुत्र अली उर्फ सन्नों, निवासी- जनपद-गोरखपुर को फार्म-ए/लाईसेंस पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत सम्यक् विचारोपरान्त मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर मुक्ति मा0 राज्यपाल महोदया द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तदनुसार बंदी के फार्म-ए/लाईसेंस पर शासन के आदेश अंकित करके एतद्द्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

<u>संलग्नकः यथोपरि।</u>

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,
सूर्य प्रकाश मिश्र
उप सचिव।

<u>संख्या व दिनांक तदैवः</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी को सूचनार्थ

2- निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 राज्यमंत्री जी को सूचनार्थ।

3- जिला मजिस्ट्रेट, गोरखपुर।

4- अधीक्षक, जिला कारागार, संतकबीरनगर।

5- नोडल अधिकारी/अधीक्षक, जिला कारागार, गाजियाबाद को मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में योजित विशेष अनुज्ञा याचिका (क्रिमि0) संख्या-529/2021 सोनाधर बनाम छत्तीसगढ़ राज्य तथा सुओ मोटो रिट पिटीशन (क्रिमि0) संख्या-04/2021 पॉलिसी स्ट्रेट्जी फार ग्रान्ट ऑफ बेल में दिनांक 10.09.2024 को पारित आदेशों के सन्दर्भ में।

6- कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2, उ0प्र0 शासन।

7- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
अनीस अख्तर अंसारी
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

शासनादेश संख्या- 407/2025/74के-2/22-3-2025-17(113)/2025

दिनांक 12 अगस्त, 2025 का संलग्नक

सरकार के आदेश

जिला कारागार, संतकबीरनगर में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी असगर उर्फ राजू उर्फ राहुल पुत्र अली उर्फ सन्नों, ग्राम-अधियारी बाग दक्षिणी, थाना-तिवारीपुर, जनपद-गोरखपुर का निवासी है। बंदी द्वारा दिनांक 24.07.2008 को मधुसूदन गुप्ता व उनकी तीन लड़कियों बिन्दु, बबली एवं छोटी एवं मोनी तथा किरायेदार की लड़की डग्गो के ऊपर तेजाब फेंक दिया जिसमें बिन्दु, बबली एवं छोटी की मृत्यु हो गई। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-14/2009 के अन्तर्गत भा0द0वि0 की धारा-326, 307, 452, 302, 506 में मा० न्यायालय, अपर सत्र न्यायाधीश, कक्ष संख्या-01, गोरखपुर के आदेश दिनांक 21.06.2012 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया। दिनांक-25-08-2023 तक बन्दी की आयु 38 वर्ष है। जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, गोरखपुर द्वारा शासनादेश संख्या 1658/22-02-2004-25(94)/97, दिनांक 06.09.2004 के प्रस्तर 9-(2) के प्राविधान के अनुरूप 05 बिन्दुओं (जो लक्ष्मण नास्कर बनाम यूनियन ऑफ इंडिया, 2000 क्रि0एल0जे0 1471 में मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्देशित किया गया) पर परीक्षण कर आख्या प्रेषित की गई है। उक्त आख्या में बन्दी द्वारा एक गंभीर अपराध कारित किये जाने, भविष्य में अपराध करने की पूर्ण सम्भावना होने, पुनः अपराध किये जाने से इन्कार नहीं किये जाने, बन्दी के परिवार की सामाजिक/आर्थिक दशा समयपूर्व रिहाई हेतु उपयुक्त नहीं होने के दृष्टिगत बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

प्रोबेशन बोर्ड द्वारा सिद्धदोष बंदी असगर उर्फ राजू उर्फ राहुल पुत्र अली उर्फ सन्नों की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई पर विचार-विमर्श किया गया। प्रकरण में बन्दी द्वारा परिवारिक रंजिश के कारण दिनांक 24.07.2008 को मधुसूदन गुप्ता व उनकी तीन लडकियों बिन्दु, बबली एवं छोटी एवं मोनी तथा एक किरायेदार की लड़की डग्गो के ऊपर तेजाब फेंक दिया जिसमें बिन्दु, बबली एवं छोटी की मृत्यु हो जाने का जघन्य अपराध कारित किया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा स्थानीय स्तर पर वर्तमान परिस्थितियों का सम्यक परीक्षण कर माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किया गया है। प्रकरण से सम्बंधित ऐसा कोई तथ्य परिलक्षित नही है, जिसके आधार पर जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा जिला मजिस्ट्रेट की आख्या/संस्तुति के प्रतिकूल अवधारणा बनाई जा सके। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी असगर उर्फ राजू उर्फ राहुल पुत्र अली उर्फ सन्नों को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त राज्यपाल महोदया द्वारा बंदी की फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार कर दी गयी है।

सूर्य प्रकाश मिश्र

उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in